## स्वावलंबी भारत का आधार बना तेजस्वी मेला

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सरकार ने स्कूल पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजस्वी प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू किया है। तेजस्वी प्रोजेक्ट से जुड़ रहे विद्यार्थी छोटे-छोटे कौशल से जुड़कर बड़े कमाल दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। मध्यप्रदेश के कई स्कूलों में तेजस्वी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालयो के द्वारा प्रोडक्ट तैयार कर प्रदर्शित किये जा रहे हैं। इन प्रोडक्ट्स में विद्यार्थियों की मेहनत नवाचार और काम करने की लगन नजर आ रही है। हर साल स्कूलों में कुछ विद्यार्थियों को इस योजना के साथ जोड़कर थोड़ी सी आर्थिक मदद देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

छात्रों को बताया जा रहा है कि वह खुद को कैसे आगे बढ़ सकते हैं और हुनरमंद बन दूसरे लोगों को भी काम करने का मौका दे सकते हैं। इसी क्रम में गत दिवस विकासखंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में तेजस्वी कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग एवं उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग एवं निर्देशों के परिपालन में तेजस्वी मेले से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई।इस मेले में विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की मानसिकता एवं इक्कीसवीं सदी के कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से मेले का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदेश में विद्यार्थियों ने न केवल अपने कौशल का प्रदर्शन किया बल्कि एक छोटे से आइडिया से रोजगार पर प्रोडक्ट के रूप में कैसे बदलें यह भी बताया यह कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, सार्थक अवसरों को पहचाना, उनका

### प्रदेश के स्कूलों में प्रोडक्ट तैयार कर बच्चे कर रहे हैं प्रदर्शित

हल ढूंढना एक छोटे से विचार को स्वरोजगार के रूप में देखने की क्षमता को विकसित कर रहा है।

मेले में आगंतुक व्यवसायी अतिथियों में के एल साहू, डॉ चंद्रकांत गुप्ता, श्रेयश ताम्रकार तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल ने अपने उद्बोधन में समय की सदुपयोगिता, व्यापारपरक दृष्टिकोण, उचित अवसरों को पहचानना, कम लागत में श्रेष्ठतम प्रोडक्ट निर्माण, उचित प्रचार प्रसार, तथा व्यवसाय से संबंधित अन्य मुख्य बिंदुओं का समावेश किया।

आगंतुक व्यवसायिक अतिथियों द्वारा प्रत्येक स्टाल का अवलोकन कर, विद्यार्थियों से प्रोडक्ट की जानकारी, उन प्रोडक्ट उपयोगिता, बनाने में लगा समय, उनकी लागत राशि की जानकारी लेकर उनके द्वारा विभिन्न स्टालों से प्रोडक्ट क्रय भी किये। इस मेले में प्रथम स्थान पर क्रिएटिव माइंड, द्वितीय स्थान पर स्टडी स्क्वॉड एवं तृतीय स्थान लर्निंग लीडर टीम ने प्राप्त किया। मेले के आयोजन में विद्यालय की तेजस्वी प्रभारी सुलेखा शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर, हेमंत शुक्ला, सत्यम ताम्रकार, शिवम नागा तथा शालेय स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन विनीत नामदेव तथा आभार प्रदर्शन शिक्षिका रजनी सराठे द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस तेजस्वी मेले में उत्कृष्ट विद्यालय की 46 टीमों के 267 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर सीड मनी प्राप्त की। इस मेले का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी एके व्यौहार के मार्गदर्शन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी चीचली के निर्देशन में पूर्ण हुआ।

## महायज्ञ में विद्यार्थियों का भी मिल रहा है सहयोग



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** श्री सिद्ध बाबा झरना पर चल रहे श्री महायज्ञ में जहां विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। वही 19 अप्रैल से निरंतर चल रहे भंडारे एवं अन्य गतिविधियों, कार्यक्रमों में अनेक स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं सुबह 9 से रात 10 बजे तक सेवाएं दे रहे हैं।

बायपास रोड टट्टा पुल के समीप स्थित श्री सिद्ध बाबा झिरना परिसर में 19 अप्रैल से 21 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ श्री रामकथा, श्री रामलीला एवं विराट संत सम्मेलन का समापन आज 27 अप्रैल को होगा। जिसमें सुबह 6.30 से दोपहर 12 तक यज्ञ पूजन पूर्ण आहुति, शाम 4 से 7 बजे तक श्री रामकथा एवं रात 7.30 बजे से रात 10:30 बजे तक श्री रासलीला होगी। यज्ञ आयोजन समिति ने सभी से आज अंतिम दिन 27 अप्रैल को यज्ञ में आकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## सार-समाचार

### मप्र जनअभियान परिषद व ग्रामीणों की मदद से पानी को सहेजने का हो रहा कार्य

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड नरसिंहपुर के ग्राम भंडारदेव के माछा नदी में 66 बोरी बंधान का बंधान किया गया। बोरी बंधान होने से भूमिगत जल में वृद्धि, ग्रीष्म ऋतु में पशु- पक्षियों व जीव- जंतुओं को पीने का पानी, आसपास के पेड़- पौधो में हरियाली, पानी के संग्रह से किसानो को सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता और लोगों को गर्मी में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस कार्य में जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा, नवांकुर संस्था डोंगरगांव- अन्डिया के अध्यक्ष प्रकाश पटेल, सचिव मनीष रजक, सदस्य प्रेम सिंह पटेल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भण्डारदेव के अध्यक्ष अरविंद ठाकुर एवं समिति के सदस्य तथा चौराखेड़ा समिति के सचिव राम सिंह पटेल, अध्यक्ष कमलेश लोधी और ग्रामीणों ने अपना योगदान दिया।

### अनामिका चौकसे सम्मानित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नगर की बेटी प्रतिभावन कवयित्री अनामिका चौकसे को राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन में उत्साही युवा सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था साहित्य संगम द्वारा तिरोड़ी बालाघाट में 26 अप्रैल को आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अनामिका को स्व. प्रतीक राज कनोजे स्मृति सम्मान उत्साही युवा साहित्यकार प्रदान किया गया।संस्था प्रमुख दिनेश देहाती जी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से आयोजित किया जाता रहा है जिसमें देश-विदेश के प्रतिभावान साहित्यकारों को चयनित कर सम्मानित किया जाता है। अनामिका श्रीमान श्याम सुन्दर चौकसे व श्रीमती दुर्गा चौकसे की सुपुत्री हैं।



### परमहंसी में होगा शंकराचार्य का चातुर्मास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज नरसिंहपुर जिले के परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में इस वर्ष चातुर्मास कर सकते हैं। बताया जाता है कि बड़ी संख्या में उनके शिष्य , आम श्रद्धालु और अनेक साधु संत शंकराचार्य जी से परमहंसी गंगा आश्रम में ही चातुर्मास करने का आग्रह कर रहे हैं। जानकारी अनुसार महाराज श्री ने भी गुरुधाम परमहंसी गंगा आश्रम में चातुर्मास करने का लगभग निर्णय ले लिया है।



### दिव्यम सेवा समिति ने आमजनों के लिए खोली प्याऊ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर की धार्मिक, सामाजिक, सास्कृतिक व सेवा कार्यो मे निरंतर अग्रणी संस्था दिव्यम सेवा समिति द्वारा वैशाख, जेठ और अषाढ मास् की भीषण गर्मी मे आमजनों की प्यास बुझाने शीतल पेयजल की व्यवस्था गाडरवारा छीपा तिराहे पर प्याउ खोलकर जनसेवाकार्य किया है, इस अवसर पर समिति की प्रमुख श्रीमती सुषमा साहू, काजल, महेन्द्र कौरव मुन्ना लाल, राकेश, राहुल आदि सदस्यो की उपस्तिथि रही।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन गाडरवारा में हुआ 91 जोड़ों का विवाह



**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन गाडरवारा में शामिल हुये। यहाँ विधि विधान से विवाह की सभी रस्में सम्पन्न कराई गई। इसके पहले सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बारातियों का स्वागत किया। समारोह में परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को मंत्री श्री सिंह ने नवदम्पतित्यों को आशीर्वाद दिया। मंत्री श्री सिंह ने नव दाम्पत्तियों को उपहार सामग्री भेंट की। जनप्रतिनिधियों ने बधाई भी दी और उनके सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी का सामान खरीदने 49 हजार रुपये की राशि के स्वीकृति पत्रों का वितरण भी किया गया। यह राशि परिणय सूत्र में बंधी कन्याओं के बैंक खाते में जमा कराई जायेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सिंह ने कहा कि सरकार ने कैबिनेट में फैसला करके इन वैवाहिक कार्यक्रमों को और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। अब कम से कम 11 और अधिकतम 200 वैवाहिक जोड़े होने पर सरकार आयोजन कर सकती है।बेटियो को बोझ न मानें और इसी सोच का नतीजा था कि लाडली लक्ष्मी, कन्या विवाह, प्रतिभा किरण, लाडली बहना जैसी अनेक क्रांतिकारी योजनाएं बनाकर उन्हें जमीन पर उतारा गया है।इनकी जिंदगी कैसे बेहतर और सुखी हो, हम इस कोशिश में लगे हुए हैं।सरकार की यह सोच है कि बेटियों के हाथ पीले करने में माता-पिता को कर्ज न लेना पड़े और बड़े धूमधाम से उनकी शादी हो।

मंत्री श्री सिंह ने बताया कि सरकार ने सभी वर्गों की चिंता की है।बच्चों की पढ़ाई, यूनिफार्म, स्कूल जाने के लिए साईकिल के साधन, सीएम राइज में पढ़ता है तो बस से स्कूल भेजने का काम, बच्चों को स्कालरशिप, हॉस्टल की सुविधा सारी व्यवस्थाएं हमारी सरकार देती है।

नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश पाठक, पूर्व नपा अध्यक्ष ममता पांडे, मिनेन्द्र डागा, अन्य जनप्रतिनिधि, एएसपी संदीप भूरिया, एसडीएम कलावती ब्यारे, अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## पीजी कॉलेज में किसान चौपाल का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में ग्रीन टीवी चैनल द्वारा पीजी कॉलेज, नरसिंहपुर में एक दिवसीय किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के किसानों को फसलों में कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। साथ ही, किसानों को इन उर्वरकों के संतुलित उपयोग और उद्यानिकी फसल प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। पराली प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी कार्यक्रम में व्यापक चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य किसानों को पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से कृष्ण पाल लोधी, राकेश बक्शी, राव गुलाब सिंह, और उपेन्द्र कौरव शामिल थे, जिन्हें कलेक्टर महोदया द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके योगदान को सराहा गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के उप संचालक उमेश कुमार कटहरे ने किसानों को संबोधित करते हुए कृषि की आधुनिक तकनीकों को अपनाने और टिकाऊ खेती पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। कृषि विज्ञान केंद्र, नरसिंहपुर के विभिन्न वैज्ञानिकों - डॉ एस आर शर्मा, डॉ निधि, डॉ अभिषेक दुबे, डॉ दीप्ति यादव, डॉ आर एन पटेल, डॉ रश्मि ठाकुर, और सुश्री शिल्पी नेमा (सभी सहायक संचालक कृषि) ने भी किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में विकास खंडों से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, बीटीएम, एटीएम सहित लगभग 400 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. किसानों ने विशेषज्ञों से अपनी कृषि संबंधी समस्याओं पर खुलकर बातचीत की और समाधान प्राप्त किए। यह किसान चौपाल निश्चित रूप से नरसिंहपुर जिले के किसानों के लिए एक ज्ञानवर्धक और उपयोगी मंच साबित हुआ, जो उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने में सहायक होगा।

### श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बीते दिनों द्वारा स्थानीय आनंद नगर कालोनी निवासी दीपक सोनी द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास पंडित आचार्य सुदर्शनाचार्य जी महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मार्मिक कथा का रसपान कराते हुए नंद बाबा की खुशियों का वर्णन किया गया उसके उपरांत भगवान की बाल लीलाओं को विस्तार से बताया गया। श्रीमद भागवत कथा में आचार्य प्रमोद मिश्रा , पंडित मनोहर शास्त्री, राधे राधे आचार्य पंडित राजेंद्र दुबे, पंडित विपिन चंद्र द्विवेदी, पंडित लक्ष्मण वैष्णव की उपस्थिति रही। कथा के दौरान पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी ने आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अनाज व्यापारियों ने मंडी बंद रखी, ज्ञापन देकर अर्पित की श्रद्धांजलि



**गाडरवारा, देशबन्धु।** ग्रैंन मर्चेन्ट एंड दाल मिलर्स एसोसिएशन द्वारा जम्मू कश्मीर पहलगाव में हुए हत्या काण्ड के विरोध में अनाज व्यापारियों द्वारा मंडी बन्द कर एस डी एम कार्यालय पहुचकर ज्ञापन दिया गया एवं दो मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा शोकाकुल परिवारजनों के दुख में सभी व्यापारी सहभागी है। केन्द्र सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए ओर अधिक कठोर कार्रवाई की आशा करते हैं हम सभी भारत सरकार के साथ है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हंसराज मालपानी, अनिल लूनावत, गेन मर्चेंट अध्यक्ष कितिराज लूनावत ,सचिव प्रमोद चोकसे, सहसचिव उमेश हीराणी, कैलाश राय, सोरभ चोकसे, कुणाकुमार मालपानी, महेश मालपानी, योगेन्द्र मालपानी, मुघर चाचा, शरद मोलासरिया, नीरज गुप्ता, सुरेश साहू, राहुल मालपानी, महेश अग्रवाल, मघुर मोलासरिया आदि उपस्थित रहे ज्ञापन का वाचन गेन मर्चेंट प्रवक्ता अनिल साहू ने किया।

### पहलगाम में हुई घटना को लेकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नगर के स्टेडियम ग्राउंड में बच्चों मातृशक्ति युवाओं और बुजुर्गों ने कश्मीर में हुई घटना को लेकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। आतंकवादियों द्वारा काश्मीर में भारत के नागरिकों कि जिस कायरतापूर्ण ढ़ंग से हत्या की गई उसकी निंदा की गई। इस मोके पर हाकी कोच राजकुमार चौबे,वरिष्ठ समाजसेवी नीलू राय, पूर्व पार्षद भगवान दास वंशकार ,पप्पू राजपूत, पत्रकार मनजीत छाबड़ा सहित बड़ी सख्या में वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार, एथलीट, वॉलीबॉल खिलाड़ी, हॉकी खिलाड़ी, समस्त कोच की उपस्थिति रही।

## पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** विगत दिवस ग्राम गोटेगांव खेड़ा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हम सभी ने कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

यह हमला मानवता पर एक गहरा आघात है, जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामवासियों ने दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर गोटेगांव खेड़ा की लोकप्रिय सरपंच प्रियंका खेमरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। हम सभी एकजुट होकर एक स्वर में कहा कि हम सभी ग्रामीण आतंक के खिलाफ हैंऔर हम सभी अपने देश के जाबांज शहीदों को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## आवासीय छात्रावास में प्रवेश प्रारंभ, नौनिहाल खुश

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वनग्राम एवं दुर्गम क्षेत्र की बसाहटें जहां पहुंच मार्ग एवं शिक्षा की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे ग्राम जहां 1 कि.मी. की परिधि में प्राथमिक शिक्षा एवं 3 कि.मी. की परिधि में माध्यमिक विद्यालय उपलब्ध नहीं है ऐसे छात्र जिन्होंने ग्राम में शाला न होने के कारण पढ़ाई छोड़ दी है तथा जो शाला त्यागी, अप्रवेशी, बेघर, बेसहारा, सिंगल पेरेंटस, अनाथ, बस स्टेड/रेल्वे स्टेशन पर रहने वाले तथा पन्नी बीनने वाले बच्चें एवं दिव्यांग (अस्थि बाधित विकलांग) बालकों हेतु कक्षा 6 से 8 तक के बालकों हेतु नवीन डाइट भवन स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालकआवासीय छात्रावास नरसिंहपुर में प्रवेश प्रारंभ होने से नौनिहाल के चेहरे खुशी से खिल गए।

सुरवारी निवासी वर्तमान में वाईपास रोड कुकवारा में खेत पर मजदूरी करने आए नरेन्द्र गौड़ ने बताया कि मजदूरी के कारण बच्चे को नियमित शाला नहीं भेजने की स्थिति में शाला छोड़ना पड़ी लेकिन वह अपने शाला त्यागी बेटे मयंक गोंड को शासन प्रशासन के द्वारा मिलने वाली निःशुल्क शिक्षा एवं छात्रवास में सभी प्रकार की निशुल्क सुविधएं देख बेहद खुश दिखे। शाला एवम आसपास के ऐसे बच्चे जो शाला त्यागी हो या अन्य कोई भी कमजोर परिस्थिति का हो आसपास सुगर मिल या अन्य मजदूरी करने वाले श्रमिको के बच्चों को भी प्रवेश दिया जा रहा है।

100 सीटर वाले छात्रावास में अभी तक 12 विद्यार्थी प्रवेश लेकर आवास एवं शिक्षण का लाभ ले रहे हैं। वार्डन आशीष नामदेव ने बताया कि एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपने आसपास से इस वर्ग समूह के बच्चों की जानकारी एकत्र प्रवेश कराया जा रहा है।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

